ग्रामीण सेवा शिविर अभियान–2025

सेवामें,

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय,

छबडा जिला बारां(राज.)

विषय– अधिसुचना छबडा अनुसार बैंक का नाम परिवर्तित किये जाने बाबत्

महोदय,

उपरोक्त विषय के कम में निवेदन है कि भारत सरकार द्वारा फरवरी 2025 को जारी अधिसुचना के अनुसार बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय राजस्थान ग्रामीण बैंक में किया गया है। अधिसुचना के अनुसरण में प्रार्थी अनारबाई पिता नारायण के नाम पटवार मण्डल पचपाडी के राजस्व ग्राम पचपाडी में वर्तमान रोटेशन जमाबंदी के खाता सं. 42 पर बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा छबडा के नाम रहन दर्ज रेकॉर्ड है, जिसे अधिसुचना अनुसार राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा छबडा दर्ज करवाने की कृपा करे।

हस्ताक्षर प्रार्थी
अनारबाई

दिनांक 04/10/25

रिपोर्ट पटवार हल्का पचपाडी तहसील छबडा जिला बारां(राज.)

महोदयजी,

भारत सरकार द्वारा फरवरी 2025 को जारी अधिसुचना के अनुसार बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा छबडा का विलय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा छबडा में कर दिये जाने से प्रस्तावित संशोधन किया जाना उचित है।

पटवारी
पटवार हल्का पचपाडी

भू–अभिलेख निरीक्षक
वृत 5/10

कार्यालय तहसीलदार तहसील छबडा, जिला– बारां (राज.)

दिनांक ....

कमांकःराजस्व / 2025 /

मूल ही प्रार्थना पत्र श्रीमान् शिविर प्रभारी महोदय को प्रेषित कर निवेदन है कि रिपोर्ट पटवारी एवं भूअभिलेख निरीक्षक अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा छबडा के बजाय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा छबडा किया जाना उचित है।

तहसीलदार छबडा
जिला बारां (राज0)

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, छबडा जिला बारां(राज.)

दिनांक 4.10.25

कमांकःराजस्व / 2025 / 377/25

हस्ब रिपोर्ट तहसीलदार छबडा के राजस्व रेकार्ड में संशोधन की स्वीकृति दी जाती है। राजस्व रेकार्ड में उक्त संशोधन की कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पटवारी हल्का पचपाडी प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी, छबडा
जिला बारां (राज0)
उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)